ओडिशा समाचार

कलिंग समाचार | राउरकेला, बुधवार 31 जनवरी 2024 | पृष्ठ-6

फिर से खुलने जा रहा है एक्शन इस्पात, ओसन कैपिटल को मिला मालिकाना हक, बकाया मांगने की मांग तेज

झारसुगुड़ा ३०/०१ (संवाददाता): माराकुटा स्थित एक्शन इस्पात का अब मालिकाना हक परिवर्तन हो गया है। पांच माह पहले एनजीएलटी में मामला होने के बाद ओसन कैपिटल मार्केट को यह मालिकाना हक मिला है। ओसन कैपिटल ने कारखाना को फिर से शुरू करने का प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस संबंध में कंपनी के कुछ अधिकारी भी यहां आ कर स्थिति का अध्ययन किया है। इसकी सूचना मिलते ही एक्शन इस्पात के पूर्व कर्मचारी जिनका बकाया बाकी है। उसे पाने के लिए अपनी मांग तेज कर दिए है।विदित हो कि 2016 में कारखाना बंद होने समय तीन

माह का वेतन बाकी रह गया था। वही श्रमिकों का वेतन के साथ ही उनके वेतन से काटे गए ईपीएफ के पैसों को भी जमा नहीं किया गया था। केवल कर्मचारियों का वेतन ही नहींए बल्कि अंचल की विभिन्न ठेका संस्था व ग्रामीणों का भी पैसा भुगतान नहीं हो पाया था।

पहले हुए आंदोलन के समय कारखाना खुलने पर बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था। मगर उसे पूरा नहीं किया गया। वहीं अब कंपनी ऊपर लेबल के दबाव में कारखाना शुरू करने का प्रयास कर रही है। इसी को लेकर माराकुटा पंडरी पत्थर गांव के लोग आंदोलन की तैयारी में लगे हैं।

विदित हो कि वर्ष 2000 में एक्शन इस्पात कारखाना शुरू हुआ था। और 2015 में उनकी आर्थिक स्थिति खराब होती गयी ।2016 में कारखाना बंद हो गया। कंपनी दिवालिया होने के बाद बैंक का कर्ज भी नहीं भर पाई इसी के चलते कंपनी रातों रात कारखाना बंद कर दी। 26 सितंबर को एनसीएलटी में मामले में सुनवाई के बाद 251 करोड़ 30 लाख रुपये में ओसन कैपिटल को कारखाना का दायित्व हस्तांतरित कर दिया था। कुल 370 एकड़ में फैले उक्त कंपनी के बंद होने के समय बकाया 1330 करोड़ था।

बैंक का कर्ज इससे कहीं अधिक होने से कारखाना में ताला लग गया था। बैंकों द्वारा एनसीएलटी में मामला दायर करने के बाद कारखाना एक प्रकार से सरकारी संपत्ति हो गई थी।

कारखाना बंद होने के बाद झारसुगुड़ा के कुछ राजनीतिक लोग स्क्रेप माफिया के साथ हाथ मिलाकर कारखाना से बहुमूल्य मशीन व अन्य सामग्री की चोरी कर उसे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ व झारखंड के बड़े स्क्रेप माफिया से डील कर बेच दिए थे।

कारखाना बंद होने के बाद से अब तक एक्शन इस्पात कारखाना परिसर करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक की बहुमूल्य सामग्री व टर्बाईन आदि की चोरी हो चुकी है।

एमसीएल जागृति महिला ने की उल्लेखनीय सेवा कार्य

संबलपुर ३०/०१ (संवाददाता): 27 जनवरीए 2024 को जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सुवर्णा काओले के नेतृत्व में तथा उपाध्यक्षा अल्पना सुक्ला राव, उपाध्यक्षा अंजलि बापट के मार्गदर्शन से महिला मंडल की सदस्याओं ने एक उल्लेखनीय सेवा कार्य किया। इसी कड़ी में महिला मंडल ने बिजलीनगर, कटापल्ली गांव के 20जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं को कंबलए हेडस्कार्फ़ और स्नैक्स आदि वितरण किया। ठंड व शीत लहर के मौसम को देखते हुए महिला मंडल ने समाज सेवा की भावना लेकर गरीब और असहाय महिलाओं को सहायता पहुँचाई जिससे वे मंडल के प्रति खुशी जाहिर की। मंडल भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां आयोजित करने के लिए तत्पर है।

जातीय गणना पर ओडिशा सरकार क्यों हैं चुप, कांग्रेस बोली बिहार से सीखने की जरूरत

भुवनेश्वर ३०/०१ (संवाददाता): बिहार जातीय गणना कराने वाला पहला राज्य है। बिहार के बाद ओडिशा में भी जाति आधारित गणना कराने की मांग उठी। हालांकिए अब तक इसके आंकड़ें सामने नहीं आए हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से नवीन पटनायक की सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता श्रीकांत जेना ने आज पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना के आंकड़ें पेश कर दिए गए हैं और इस आधार पर सरकार ने काम करना भी शुरू कर दिया है। जबकि ओडिशा में अभी तक ऐसा होना बाकी है। आखिर ओडिशा सरकार ने इस पर चुप्पी क्यों साध रखी है. कांग्रेस नेता ने कहाए बिहार की लगभग 94 लाख की

आबादी जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है उन्हें दो लाख रुपये की अनुदान राशि दी जा रही है। इस बीच तीन लाख से अधिक अध्यापकों की भी नियुक्ति की गई। राज्य सरकार ने गरीबों को अपना काम शुरू करने के लिए दो.दो लाख रुपयेए भूमिहीन गरीबों को घर बनाने के लिए एक लाख रुपये देने का भी एलान किया। 4 लाख सरकारी कर्मचारियों को भी राज्यकर्मी का दर्जा देने की बात कही गई। गौरतलब है कि ओडिशा राज्य पिछड़ा आयोग ने बीते साल मई.जुलाई के बीच एक सर्वे किया था। इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई थीए लेकिन इसे अब तक जारी नहीं किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इस रिपोर्ट का प्रकाशन अहम माना जा रहा है। इस रिपोर्ट के सूत्रों से हवाले से कहा गया था कि राज्य में 208 पिछड़े वर्गों के एक करोड़ 95 लाख लोग हैंए जो ओडिशा की कुल आबादी का 46 प्रतिशत है।

आइपीएस हिमांशु लाल अब संभालेंगे नई जिमेदारी

संबलपुर ३०/०१ (संवाददाता):। ओडिशा पुलिस महकमे में सिंघम के नाम से चर्चित भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हिमांशु लाल को राज्य सरकार ने संबलपुर स्थित उत्तरांचल पुलिस रेंज का नया आईजी नियुक्त किया हैए जबकि यहां पदस्थ आईजी डॉण्दीपक कुमार का तबादला उत्तर. केंद्रांचल रेंज पुलिस आईजी और जयनारायण पंकज को दक्षिणांचल रेंज पुलिस आईजी के रुप में किया है।

आईपीएस हिमांशु लाल इससे पहले पश्चिम ओडिशा के विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक के रुप में कार्य करने समेत बलांगीर जिला में नकली दवाओं के कारोबार

का पर्दाफाश किया था।

वर्ष 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्ष 2019 में तब देश भर के मीडिया में सुर्खियों पर रहेए जब उन्होंने नक्सलियों का गढ़ रहे मलकानगिरी जिला के बालीमेला में नक्सलियों की परवाह किए बगैर स्वाभिमान अंचल में तिरंगा फहराया था।

देवी मां प्लीज बिना दहेज करा दो शादी... समलेश्वरी मंदिर की हुंडी से निकला लव लेटर, प्रेमिका ने कहा-कान्हा से ही कराना ब्याह

संबलपुर ३०/०१ (संवाददाता): भक्तों की मनोकामना पूरी करने वाली आराध्य देवी मां समलेश्वरी से प्रेमिकाओं की गुहार से संबंधित दो प्रेमपत्र को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है। दोनों प्रेमपत्र में प्रेमिकाओं ने मां समलेश्वरी से उनके विवाह में कोई विघ्न नहीं आने देने और समस्त परिवार के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की गुहार की है। गौरतलब है कि मां समलेश्वरी मंदिर की हुंडी से पहले भी कई बार ऐसे प्रेमपत्र निकले और चर्चा का विषय रहे हैं। सोमवार के दिन जब श्रीश्री समलेश्वरी ट्रस्ट बोर्ड की ओर से मंदिर की हुंडी को खोला गया था तब हुंडी से



नकद पांच लाख 68 हजार 115 रुपये के साथ साथ दो प्रेमपत्र भी मिले थेए इनमें दो युवतियों ने अपने विवाह को लेकर मां समलेश्वरी से आशीर्वाद मांगते हुए सफल वैवाहिक जीवन की कामना की है।एक प्रेमपत्र में युवती ने अपने प्रेमी कान्हा के साथ बगैर किसी विघ्न के विवाह हो जाने पर विवाह के बाद मंदिर आकार दर्शन करने व आशीर्वाद प्राप्त करने की बात लिखी है तो अन्य एक युवती ने दहेज में बगैर बाइक दिए विवाह हो जाने और ससुराल वालों की ओर से किसी तरह की तानाकशी नहीं किए जाने की गुहार मां समलेश्वरी से की है।

स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती हत्याकांड-हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

भुवनेश्वर ३०/०१ (संवाददाता): स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती हत्या मामले की सीबीआई जांच को लेकर आज ओडिशा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। मामलेकी सीबीआई से जांच क्यों नहीं करायी जाएए उस संदर्भ में जानकारी देने के लिए राज्य सरकार को हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। पांच मार्च तक जवाब रखने के लिए राज्य सरकार को हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता वकील देवाशीष होता ने याचिका में कहा है कि घटना की अपराध शाखा की जांच में कुछ पहलुओं की अनदेखी की गई है। याचिकाकर्ता ने अपने पिटीशन में उल्लेख किया है कि 15 अगस्त 2008 को अर्थात स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या से कुछ ही दिन पहले उनकी सुरक्षा दायित्व में रहने वाले सीआरपीएफजवान को हटा दिया गया था। इसी महीने की 23 अगस्त की सुबह स्वामी जी की सुरक्षा दायित्व में रहने वाले ओडिशा पुलिस के सभी कर्मचारी सामूहिक छुट्टी पर चले गए। इसी दिन शाम के समय लक्ष्मणानंद सरस्वती की 15 अपराधियों ने हत्या कर दी। इसके अगले ही दिन तत्कालीन डीजीपी ने पत्रकार स मेलन कर कहा कि स्वामी जी की हत्या माओवादियों ने की है। याचिकाकर्ता ने अपने पिटीशन में कहा है कि स्वामी लक्ष्मणानंद की हत्या षडयंत्र के तहत की गई है। किन्तु इस हत्याकांड की जिस तरह से जांच की गईए उससे सच्चाई लोगों के सामने नहीं आएगी। ऐसे में घटना की सीबीआई जांच होने पर कई रहस्य से पर्दा हटने की उ मीद है।

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर भीषण सड़क हादसा, 7 लोगों की मौत

संबलपुर ३०/०१ (संवाददाता): छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमा पर आज भीषण सड़क हादसा हुआ हैए जिसमें 7 लोगों की मौत हुई है। 8 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

हादसा उस वक्त हुआए जब ऑटो को तेज र तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिकए ऑटो में कुल 15 लोग सवार थेए जिसमें से 6 लोगों की मौत हो चुकी है। 8 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस हादसे में एक बाइक सवार की भी मौत हुई है।

हादसा ओड़िशा के बोरीगुमा में हुआ है। घटना में स्कॉर्पियो सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की भी मौत हुईए जबकि ऑटो सवार छह लोगों की मौत हुई है। इनमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चार लोगों की मौत अस्पताल में हुई है।

घटना के बाद मौके से स्कॉर्पियो का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

आरएसपी कर्मचारियों और सर्वोच्च भागीदारी वाले विभाग को आरएसपी गौरब पुरस्कार प्रदान

राउरकेला ३०/०१ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र ;आरएसपी द्वारा 26 जनवरी 2024 को इस्पात स्टेडियम में आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में बीएसएल के अतिरिक्त प्रभार के साथ आरएसपी के निदेशक प्रभारीए श्री अतानु भौमिक द्वारा 3 कर्मचारियों और 3 अधिकारीयों और साथ ही सबसे अधिक प्रतिभागियों की सं या वाली विभाग को आरएसपी गौरब पुरस्कार प्रदान किए गए।

कर्मचारियों के मध्य प्रथम तीन स्थान पुरस्कार प्राप्तकर्ता क्रमशरू ऑपरेटर सह तकनीशियन ;न्यू प्लेट मिलश्री सुभासिस पंडाए वरिष्ठ

तकनीशियन इंस्ट्रुमेंटेशन श्री तन्मय कुमार सामल और तकनीशियन ;सीसीडी माजिद अ तर अंसारी थे ।

अधिकारीयों की श्रेणी मेंए वरिष्ठ प्रबंधक ;कोक ओवन सुश्री तनुश्री परिडा ने पहला स्थान हासिल कियाए जबकि दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः कनिष्ठ अधिकारी ;सीपी-२ श्री संतोष कुमार साहू और वरिष्ठ प्रबंधक ;ब्लास्ट फर्नेस श्री शशिभूषण शतपथी को मिला।

पहली बार उस विभाग को पुरस्कृत किया गया जिसके सबसे अधिक कर्मचारियों ने इस पहल में भाग लिया था और वह विभाग था स्टील मेल्टिंग शॉप.2 ।

उल्लेखनीय है किए मेरी आरएसपी मेरी पहचान माई आरएसपी.माई आइडेंटिटी एक अनूठी पहल जनवरी 2023 में शुरू की गई थीए जो कर्मचारियों को अपने सकारात्मक विचारोंए भावनाओं और संगठन का हिस्सा होने के अनुभव को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करती है । इस पहल के अनुसारए कर्मचारियों को 15 दिनों की अवधि में प्रतिदिन आरएसपी के बारे में सकारात्मक विचारों का कम से कम एक पूरा वाक्य लिखना होता है । प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण मेंए जो 1 जनवरी को शुरू हुआ और 15 जनवरी 2024 तक जारी रहाए 1732 कर्मचारियों ने आरएसपी पोर्टल.कर्मचारी क्षेत्र लिंक या मोबाइल ऐप कर्मी.मित्र के जरिये से प्रविष्टियां भरी। वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति ने कर्मचारियों की पृष्ठभूमि जाने बिना ऑनलाइन प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन किया और दैनिक आधार पर उनके अंक प्रस्तुत किए। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों का संगठन के साथ जुड़ाव मजबूत करना और उन्हें कंपनी का ब्रांड राजदूत बनाना है।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जयति सिंह, ई.आर. - ।।।.ए.एस. सिंह - एम.एस. ऑफिस
बुरला (संबलपुर) : 0663-2542601 से 668, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

"सामग्रीयों की खरीद कार्यों एवं सेवाओं के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की बेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है या इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

R-5189

Created with Print2PDF. To remove this line, buy a license at: http://www.software602.com/